गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(ISO 9001 : 2015 एवं ISO 14001 : 2015 प्रमाणित संस्था)

विकास पथ, गाजियाबाद

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष त्यागी द्वारा खसरा सं0 420मि, ग्राम औरंगाबाद गदाना, मोदीनगर, गाज़ियाबाद की भूमि पर वर्कशॉप हेतु प्राधिकरण में मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। खसरा सं0 420मि, ग्राम औरंगाबाद गदाना, मोदीनगर का भू-उपयोग मोदीनगर महायोजना–2021 के अनुसार 60 मी0 चौड़े महायोजना मार्ग के मार्गाधिकार के उपरान्त कार्यालय भू-उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित है। जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानों के अनुसार कार्यालय भू-उपयोग में वर्कशॉप क्रिया विशेष अनुमति से अनुमन्य है। तदानुक्रम में जोनिंग रेगुलेशन के प्रावधानों के क्रम में जन–सामान्य से प्रकाशन की तिथि से 01 माह की अवधि में आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो तो उक्त नियत अवधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय मुख्य नगर नियोजक, गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

उपाध्यक्ष

ई–मेलः helplinegda@gmail.com f : @gdagzb, t : @gdagzb

हेल्पलाइन नं0: **0120-3342433**, व्हाट्सएप : **9818988807**, वेबसाइट: **www.gdaghaziabad.com**

एक सुन्दर शहर – हमारा संकल्प